卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 32 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦8 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बद्रीनाथ धाम पहुंचीं राष्ट्रपति



गोपेश्वर(उद संवाददाता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तराखंड के दौरे के दूसरे दिन बुधवार को भगवान बदरी विशाल के दरबार में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। राष्ट्रपति ने बुधवार को उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। मंदिर में करीब 25 मिनट तक पूजा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बदरीनाथ धाम आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति की अगवानी की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बुधवार को सुबह 10:20 बजे बद्रीनाथ आर्मी हेलीपैड पहुंची। हेलीपैड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बद्री केदार मंदिर समिति के (शेष पृष्ठ सात पर)

## खाई में गिरने से महिला की मौत

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)।जिले के सीरी धोन्तरी गांव में घास लेने गई महिला की खाई में गिरने से मौत हो गई। एसडीआरएफ ने मौके पर पहुंच कर शव बरामद कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर रात्रि जिला नियंत्रण कक्ष, उत्तरकाशी द्वारा एसडीआरएफ को सूचित किया गया कि धोन्तरी गांव में महिला 30 वर्षीय अनिता राणा पत्नी विजय सिंह राणा घास लेने जंगल मे गयी थी परन्तु देर रात्रि होने पर भी घर नही लौटी है। सूचना मिलते ही मुख्य आरक्षी दुर्गेश रतूडी के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम तत्काल घटनास्थल हेतु रवाना हुई। टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के संभावित स्थानों पर गहन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। देर रात्रि तक अत्यधिक विषम परिस्थितियों के बीच एसडीआरएफ टीम द्वारा गहन सर्च करते हुए पहाड़ी से लगभग 200 मीटर नीचे खाई में गिरी महिला के (शेष पृष्ठ सात पर)

May The Sparkel Of Diwali Light Up Your Life
Happy Diwali
GURU MAA JEWELS
JAI BABA KI
MMTC-PAMP Authorised Partner
Certified Hallmark Jewellery Store | Gold | Diamond | Silver Jewellery
Offer Valid From 05 Nov. to 14 Nov. 2022
UPTO 30% OFF On Diamond Jewellery Value
On Making Charges of Gold Jewellery
BUY JEWELLERY WORTH ₹50K OR ABOVE & GET INSTANT CASH BACK
100% EXCHANGE VALUE ON OLD GOLD JEWELLERY
Near Guru Nanak Girls Intercollege, Kashipur Bypass Road, Rudrapur
+91 - 96900 88887

## पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पारित



किच्छा(उद संवाददाता)। नगर पालिका परिषद किच्छा के बोर्ड की अंतिम बैठक क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नगर पालिका परिषद के अंतिम बैठक में सभी वार्ड सदस्यों ने अपने अपने वार्ड की विभिन्न समस्याएं रखी। सभासद संदीप अरोड़ा सोनू ने पूर्व अध्यक्ष महेंद्र चावला के नाम सड़क का नाम रखने के लिए मांग की। जिस पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। आदर्श राजकीय महा विद्यालय परिसर के जल निकासी के लिए हल्द्वानी रोड पर काली मंदिर के पास बंद पड़े नाले को खुलवाने सम्बंधी प्रस्ताव पर भी सहमति व्यक्त की गई।इसके अलावा सैकड़ों प्रस्तावों पर आम सहमति हुई। अवसर पर सभी सभासदों नगर पालिका कर्मचारियों को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि उनका उद्देश्य दलगत राजनीति से उठ कर काम करना है। उन्होंने कहा कि की सभी वर्तमान सभासदों को शुभकामनाएं हैं कि दुबारा चुनकर आए और नगर पालिका परिषद की शोभा बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि उनका विजन स्पस्ट है।इन पांच वर्षों के कार्य काल में वे नगर को एक नया लुक देंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली ने सभी उपस्थित सभासदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्यार और सहयोग के कारण नगर पालिका का सर्वत्र विकास हुआ। यह प्रथम नगर पालिका है जो कि निर्विवाद रूप से 5 वर्षों तक कार्य करती रही। नगर पालिका में उनके द्वारा सबको साथ लेकर कार्य किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद रणजीत सिंह नगर कोटी, पूर्व सभासद राजेश कुमार उर्फ राज,कल्लू भाई, मोहम्मद आरिफ, (शेष पृष्ठ सात पर)

## डा. गिल बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेता नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सक अमृत हास्पीटल के प्रबंध निदेशक डा. रणजीत सिंह गिल को भाजपा हाईकमान प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा एवं कार्य कुशलता को देखते हुए उन्हें भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक मनोनीत किया है। साथ ही चमोली के डा. राहुल दीप, देहरादून महानगर के डा. बलवीर रावत, काशीपुर के डा. यशपाल रावत, उत्तरकाशी के डा. लक्ष्मण सिंह भंडारी तथा हरद्वार के डा. हरीश चौहान को प्रदेश सह संयोजक मनोनीत किया गया है। डा. गिल के मनोनयन से क्षेत्र के भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने डा. गिल को बधाई दी। गौरतलब है कि डा. गिल इससे पूर्व संगठन में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर चुके हैं। डा. गिल ने अपने मनोनयन पर प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, सांसद एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट आदि का आभार व्यक्त किया। डा. गिल के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, वेद ठुकराल सहित पार्टी के कई पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

!! श्रद्धा-सुमन !!
नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।

'हरी इच्छा भावी बलवाना'
बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है हमारे पूज्यनीय पिता जी श्री बारुमल जैन जी का स्वर्गवास दिनांक 04 नवम्बर 2023 दिन शनिवार को हो गया है । प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी
रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा
दिनांक- 09/11/2023, दिन- बृहस्पतिवार, अपराह्न 2 से 3 बजे
स्थान- रूद्रपुर सिटी क्लब, काशीपुर बाईपास रोड, रूद्रपुर, में होगी ।
-: शोकाकुल परिवार :-
श्रीमती पुष्पा जैन - स्व0 श्री विमल कुमार जैन (पुत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती वीना जैन - श्री सुभाष चन्द्र जैन (पुत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती मीना जैन - श्री रमेश जैन (पुत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती रचना जैन - श्री सतीश जैन (पुत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती संगीता जैन - श्री जयभगवान जैन (पुत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती पूजा जैन - श्री राजकुमार जैन (पौत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती अंजली जैन - श्री आयुष जैन (पौत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती छवी जैन - श्री विकास जैन (पौत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती साक्षी जैन - श्री मोहित जैन (पौत्रवधु-पुत्र)
श्रीमती मुस्कान जैन - श्री ऋषभ जैन (पौत्रवधु-पुत्र)
स्व0 श्रीमती कमला जैन- श्री प्रेम चन्द जैन (पुत्री - दामाद)
श्रीमती विमला सिंगला- श्री सुरेन्द्र सिंगला (पुत्री - दामाद)
श्रीमती विद्या अग्रवाल- श्री सत्यपाल अग्रवाल (पुत्री - दामाद)
श्रीमती सरोज जैन- श्री अजय कुमार जैन (पुत्री - दामाद)
श्री विवेक जैन,श्री हिमांशु जैन, श्री शुभम जैन, श्री सिद्धार्थ जैन (पौत्र)
अर्हम जैन, अरहन्त जैन, रक्षित जैन (पड़पौत्र)
निवास स्थानः-
C-69, ग्रीन पार्क, रूद्रपुर
Mob.: 9837127971
9837458371, 9837371820
9837433113, 9927979936
-: प्रतिष्ठान :-
मै0 विमल कुमार राजकुमार जैन, रूद्रपुर
जैन सीड्स स्टोर, बिलासपुर
जैन सीड्स स्टोर, रूद्रपुर
मै0 बारुमल सतीश कुमार जैन, रूद्रपुर
मै0 बारुमल जयभगवान जैन, रूद्रपुर

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
50% Off On Making Charges
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com

# राष्ट्रपति ने राजी और बुक्सा जनजातीय समूहों से किया संवाद





देहरादून(उद संवाददाता)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तीन दिवसीय उत्तराखण्ड भ्रमण पर मंगलवार को देहरादून पहुंची। राष्ट्रपति ने राजभवन में राज्य के विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) से संवाद किया। उत्तराखंड की जनजातीय समूह राजी और बुक्सा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के अंतर्गत आते हैं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने इन पीवीटीजी के सदस्यों से बातचीत की। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातियों के लिए केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही हैं उसका अधिकाधिक लाभ लें जिससे उनका आर्थिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि समुदाय इसके लिए स्वंय जागरूक रहें और स्वयं भी आगे बढ़ने के प्रयास करें। उन्होंने समुदाय के लोगों से कहा कि आप आर्थिक रूप से सशक्त होंगे तभी सामाजिक एवं शैक्षिक, रूप से भी आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति और समाज आगे बढ़ता है तो देश आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड एक ऐसा प्रदेश है जहां सदियों से शिक्षा में यहां के लोग बहुत आगे हैं। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के जनजातीय समुदाय शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका सहयोग एवं सभी का प्रयास जरूरी है। आप सभी को स्वयं भी अपने आप को आगे बढ़ाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए किसी एक क्षेत्र में दक्ष होना जरूरी है। इसके लिए वह अपना कोई भी व्यवसाय चुन सकते हैं। समुदाय के सदस्यों द्वारा राष्ट्रपति को हस्तनिर्मित शॉल और पेंटिंग भेंट की गई। इसके उपरांत राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राजभवन आगमन पर उनके सम्मान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में प्रतिभाग किया। राजभवन परिसर स्थित नक्षत्र वाटिका में आयोजित इस कार्यक्रम में राजी जनजाति द्वारा अपने नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा आईटीबीपी द्वारा भी सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि), कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव बृजेश कुमार संत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल ने त्योहारों पर किया ठेली और दुकानें लगाने की छूट देने का आग्रह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल द्वारा नगर निगम प्रशासन द्वारा ठीक त्यौहार पर अतिक्रमण अभियान चलाये जाने का विरोध किया है।जारी बयान में जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि व्यापारी अतिक्रमण का समर्थन नहीं करते है। लेकिन ठीक त्यौहार पर इस तरह की कार्यवाही सरासर गलत है। जब प्रशासन को पता था कि दीपावली का त्यौहार नजदीक है तो एक माह पूर्व तैयारी की जानी चाहिए थी। व्यापारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनायी जानी चाहिए थी। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं किया गया और ठीक त्यौहार शुरू होते ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। संगठन प्रशासन को आगाह करता है कि इस तरह की कार्यवाही आगे जारी रही तो व्यापारी त्यौहार छोड़कर प्रशासन के साथ आर पार के संघर्ष हेतु तैयारी करेगा। फिर चाहे बाजार बंद ही क्यों ना करनी पड़े। जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने कहा कि नगर प्रशासन को ठीक त्यौहार में ही शहर में हर चीज में अव्यवस्था दिखायी पड़ती है। जबकि बड़े त्योहारों में पूर्व से अतिक्रमण से लेकर जाम के झाम से निपटने की तैयारियों को अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए। लेकिन प्रशासन त्यौहार से पूर्व तो सोया रहता है और जब व्यापारियों के कारोबार का समय आता है तो विभिन्न प्रकार से व्यापारियों को परेशान करने का मौका ढूंढा जाता है। इस प्रकार की स्थिति में ही व्यापारियों और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति पैदा होती है। व्यापारी सदैव प्रशासन के सहयोग के लिए तैयार रहता है लेकिन प्रशासन को भी समझना चाहिए कि त्यौहार के समय में व्यापारियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करना चाहिए।जिससे शहर में हर त्यौहार हंसी खुशी मनाया जा सके। व्यापारी का जब कारोबार बढेगा तभी व्यापारी भी जीएसटी, इनकम टैक्स इत्यादि सभी कर समय से अदा करेगा। जिससे प्रशासन की भी आय में बढ़ोतरी होगी।महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने नगर के व्यापारियों को भी चेताया कि अपने प्रतिष्ठान के आगे किसी को ठेला इत्यादि ना लगाने दें। अपनी दुकान का सामान के निश्चित सीमा तक बाहर निकालें जिससे ग्राहक को आपकी दुकान तक पहुँचने में आसानी हो और आपके कारोबार में गति आये। जब हम अपनी दुकानों के आगे बाहरी व्यापारियों को शरण देंगे तो उससे हमारा ही व्यापार प्रभावित होगा और ग्राहक भी आपकी दुकान तक आसानी से नहीं पहुँच पायेगा।

# एम्बुलेंस में पकड़ा 32 लाख का गांजा,चालक फरार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। पुलिस ने एक एंबुलेंस से 16 कट्टों में भरा 218 किलो गांजा पकड़ा है। तस्कर इसे पौड़ी गढ़वाल से काशीपुर ले जा रहे थे। मौके से एंबुलेंस चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसका साथी फरार है। पुलिस टीम घट्टी, टोटाम और डबरा सौराल में गश्त करते हुए मोहान बैरियर पहुंची। यहां वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एंबुलेंस एमपी 17 जी 3387 को रोका गया। चालक ने मरीज को रामनगर ले जाने की बात कही लेकिन एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था। इस पर पुलिस को शक हुआ तो एंबुलेंस की तलाशी ली। एंबुलेंस से 16 कट्टों में भरा 218 किलो गांजा देख पुलिस भी सन्न रह गई। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम रोशन लाल पुत्र चमन लाल, निवासी स्युन्सी, थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल बताया। चालक के बगल में बैठा उसी के गांव का धर्मेंद्र मौका देखकर फरार हो गया। बरामद गांजे की कीमत 32 लाख, 72 हजार, 925 रुपये आंकी गयी है। पकड़ने वाली टीम में भतरौजखान थानाध्यक्ष मदन मोहन जोशी, उपनिरीक्षक राम सिंह, हेड कांस्टेबल आनन्द त्रिपाठी,प्रकाश चन्द्र , योगेश कुमार, कांस्टेबल संदीप सिंह, देवेन्द्र प्रताप आदि शामिल थे।



# देवभूमि फाउंडेशन टीम ने लगाया रक्तदान शिविर

किच्छा(उद संवाददाता)। स्वर्गीय योगेश मिश्र की 12वीं पुण्यतिथि के अवसर पर देवभूमि फाउंडेशन टीम द्वारा एक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें राजकीय महाविद्यालय किच्छा एवं एचडीएफसी बैंक द्वारा पूर्णतया सहभागिता निभाते हुए कैंप को सफल बनाने का प्रयास किया। साथ ही साथ दर्जनों युवाओं एवं छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। देवभूमि फाउंडेशन टीम से अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ,मुकेश राठौर, महेश ,इस्लाम अंकित, प्रेम, महेंद्र प्रताप ,रोशनी जगजीत सिंह, गोल्डी , दिलजीत सिंह , हरविंदर सिंह चुघ , मोहित हुरिया और एवं एचडीएफसी बैंक से राकेश जी टीम शामिल रहे। इस दौरान सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया गया।




# कबड्डी में एस एस पब्लिक स्कूल प्रथम

गदरपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुंभ के दौरान खेल स्टेडियम सकैनिया में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। अंडर-14, बालक वर्ग 600 मीटर दौड़ में सुहान प्रथम,एकांश द्वितीय,हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। लंबी कूद में अब्दुल रहमान ने प्रथम,आदेश ने द्वितीय लंबी कूद में निष्कर्ष भटेजा प्रथम,ऊंची कूद में गुरसेवक सिंह प्रथम,चक्का फेक में रितिक प्रथम,गोला फेक में मुकेश सिंह प्रथम रहे।कबड्डी में खेल स्टेडियम



मीटर दौड़ में अमृत सैनी प्रथम,अब्दुल रहमान द्वितीय,एकांश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद अनस ने प्रथम,जयगोपाल यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । गोला फेक मेंः पलविंदर ने प्रथम ,डिक्कू विधूड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी में एस एस पब्लिक स्कूल ने प्रथम, यूनिक पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।अंडर 17 बालक वर्ग में 100 मीटर में निष्कर्ष भटेजा प्रथम,200 मीटर में दीपक कुमार प्रथम,400 मीटर में रोहित प्रथम,800 मीटर में अनिकेत गुप्ता प्रथम,1500 मीटर में अमनदीप प्रथम, 3000 मीटर में हरमन सिंह प्रथम रहे। सकैनिया की टीम विजेता रही।सभी खिलाड़ियों को सुरेश प्रजापति प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज सकैनिया खेल प्रभारी मनोहर लाल ने मैडल,प्रमाण पत्र,नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया ।लेखा कार्य श्रीमती रमा छाबड़ा व पंकज सिंह तथा मंच संचालन प्रशांत कुमार सिंह ने किया ।खेल निर्णायक मिनती रानी,डी पी सिंह,अशोक कुमार गुप्ता,सूरज डसीला, जफरुद्दीन, विजय सिंह,शालिनी आर्य, साक्षी चौधरी, विजय सिंह रहे।खेलो में विद्यालय से आये शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# उज्जवला योजना के लाभार्थियों को बांटे सिलेण्डर व चूल्हे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने निकटवर्ती ग्राम जाफरपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्र सरकार द्वारा संचालित उज्जवला योजना के तहत ग्राम जाफरपुर, शिवपुर, लंबाखेड़ा, कांटोपा व संपतपुर के 40 पात्र लाभार्थियों को घेरेलू गैस कनेक्शन के साथ चूल्हा और सिलेण्डर नि:शुल्क वितरित किए। इस मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार गरीब परिवारों की हमेशा हितैषी रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार देश के समस्त गरीब परिवारों की हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार नि:शुल्क गैस कनेक्शन देने के साथ ही काफी कम मूल्यों में पात्र लोगों को विद्युत संयोजन भी उपलब्ध करा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार के साथ ही उत्तराखंड राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पिछले कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं। जिसके परिणाम स्वरूप आज ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर पहले से काफी बदल चुकी है। यहां सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से हो रहा है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन की समस्या से जूझना नहीं पड़ रहा है वहीं तैयार फसल भी आसानी से मंडियों तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के लिए केन्द्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। साथ ही उनका लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए भी सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी ग्रामों में आकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण कर रहे हैं। इससे पूर्व श्री चुघ का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर समाजसेवी सरिता चौधरी, ग्राम प्रधान विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज, पूर्व प्रधान नवी अहमद, चौधरी चमन सिंह, शनि विश्वास, सुनीता सिंह, कानू मलिक, ग्राम प्रधान निर्मला सिंह, नागेन्द्र पासवान, रवि ढाली आदि मौजूद थे।



# द्रोणासागर में भव्य दीपोत्सव कल

काशीपुर(उद संवाददाता)।विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दीपावली के उपलक्ष में स्थानीय द्रोणा सागर तीर्थ स्थल पर आगामी 9 नवंबर दिन बृहस्पतिवार को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसके मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर निरंजनी अखाड़ा श्री कैलाशानंद गिरी जी महाराज होंगे। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम भी होंगे जिसमें कलाकार जूनियर देवानंद किशोर भानुशाली भी अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। काशीपुर के भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं स्थानीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे। दीपोत्सव कार्यक्रम के मुख्य आयोजक और हिंदू राष्ट्र शक्ति संगठन के मुख्य संरक्षक एवं भाजपा नेता दीपक बाली तथा हिंदू राष्ट्र शक्ति संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी और दीपोत्सव कार्यक्रम के प्रणेता संजय भाटिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बार 31 हजार दीपक प्रज्वलित किए जाएंगे

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# आरएएन की पूर्व छात्रा को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा पल्लवी ठुकरालने 2018-19 में आर.ए.एन. विद्यालय से 12वीं की परीक्षा 93 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी और पंतनगर यूनिवर्सिटी में बी.टेक आई.टी कोर्स में दाखिला लिया। इस शैक्षणिक सत्र के दौरान पल्लवी ठुकराल ने अपने आई.टी बी.टेक कोर्स में उच्चतम 8.26 सी.जी.पी. प्राप्त की। पल्लवी ठुकराल की इस महत्वपूर्ण



उपलब्धि के लिए उसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान समय में पल्लवी पुणे में कार्यरत है। पल्लवी ठुकराल की इस सफलता के लिए विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, विद्यालय संचालक मोहित राय, संचालिका श्रीमती निधि राय तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने अभिभावक तथा पल्लवी को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ शुरू

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। दो दिवसीय न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय धूसरा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस के अवसर पर बालक वर्ग का शुभारंभ रितेश राणा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत धुसरी, क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधि बाबू, संयोजक नृपेन्द्र कुमार चौहान प्रधानाचार्य राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिडौरी व संकुल प्रभारी जसौद मेहता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता के एन अटवाल एवं सूरज सक्सेना द्वारा किया गया। संकुल प्रभारी जसौद मेहता एवं संयोजक निरपेंद्र कुमार चौहान ने संबोधन में बच्चों को खेल भावना का परिचय देते हुए शत प्रतिशत प्रयास करने हेतु प्रोत्साहित किया । शिक्षक नेता खिलानंद अटवाल वह सूरज सक्सैना ने बच्चों को अनुशासना त्मक एवं प्रतियोगिताओं को संपन्न करा रहे शिक्षकों



को पारदर्शिता के साथ निर्णय देने हेतु आग्रह किया ताकि कोई भी विवाद की स्थिति नहीं रहे। बालक वर्ग के अंडर-14 एवं अंडर- 17 के अंतर्गत 60 मीटर, 600 मीटर ,100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर ,800 मीटर ,1500 मीटर, 3000 मी की दौड़, लंबी कूद ,ऊंची कूद गोला फेंक,चक्का फेंक, कबड्डी आदि प्रतियोगिता संपन्न हुई। न्याय पंचायत स्तर पर प्रत्येक इवेंट्स में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 300 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 200, तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 150रूपए नगद पुरस्कार , मेडल व योग्यता प्रमाण पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। अंडर-14 में 60 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान आयुश चंद द्वितीय स्थान प्रभाकर सिंह तृतीय स्थान जतिन सिंह 100मीटर में प्रथम स्थान ऋषभ राणा, द्वितीय स्थान आदित्य राना तृतीय स्थान सक्षम सिंह द्वारा प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए दिनेश सिंह अध्यक्ष उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सितारगंज ,राधे सिंह,सरिता राना ,संयोजिका युवा कल्याण विभाग,निमाई चंद माझी, सुमंगल मंडल, वीरेंद्र सिंह, कुंवर सिंह राणा, त्रिलोक चंद, फकीर सिंह, पियूष गुप्ता, नवीन चन्द्र शर्मा, लीला रौतेला, नीलम रानी, तृप्ति पंत, सुरेश प्रसाद, रामरूप सिंह, रेनू उपाध्याय,रेनू, शिव सिंह बिष्ट, योगेश पांडे आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# नेपाल के भूकंप पीड़ितों को राहत के लिए मदद की अपील

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 03 नवम्बर को नेपाल देश के जिला जाजर कोट क्षेत्र लामी डाण्डा में आये भूकम्प के कारण हुई भारी क्षति के मध्यनजर मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित सहायता प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। सीमावर्ती जनपद होने के कारण इस दैवीय आपदा में सहायता किया जाना और भी प्रासंगिक हो जाता है। ऐंसी स्थिति में जनपद ऊधम सिंह नगर से भी तत्कालिक रूप से सहायता प्रदान किये जाने हेतु खाद्य सामाग्री यथा-चावल, आटा, दाल, नमक, तेल, मसाले एवं पुर्नवास सामाग्री यथा-कम्बल, चादर आदि भूकम्प से प्रभावित क्षेत्रों में भेजे जाने का निर्णय लिया गया है। इस आशय से जनपद स्थित स्वैच्छिक संगठनों से अपील की है कि वह नेपाल देश में आए भूकम्प प्रभावितों हेतु यथा संभव सहायता प्रदान करने में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में जिला पूर्ति अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। सहायता प्रदान करने वाले समस्त संगठन एवं व्यक्ति अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी (7535830569), अपर जिलाधिकारी नजूल/प्रशासन जय भारत सिंह मो0-9456334433, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार मो-8859004050 एवं जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी मो0-8057402121 पर सम्पर्क कर सकते है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# रामलीला में डॉ.महाजन को किया सम्मानित

गदरपुर( उद संवाददाता)। दिनेशपुर श्भगवान श्री राम ने अत्याचारी रावण का वध कर सनातन धर्म की रक्षा की। उक्त उद्गार आरके महाजन ने रामलीला मंचन पहुंचे, जहां उनका पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। उपस्थित राम भक्तों को संबोधित करते हुए महाजन ने कहा कि भगवान राम ने 31 माह पूर्व अत्याचारी रावण का कार्यक्रम का संचालन मुकेश गोस्वामी ने किया। इस दौरान लेवा क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रमेल सिंह, खड़क सिंह, बाबूसिंह लोकर विशन सिंह मेहरा, कैलाश शर्मा, शंभू प्रसाद



में व्यक्त किये। चक्की मोड़ क्षेत्र के बोया मुनस्यारी गांव में समिति सतगुरु रामलीला की ओर से चल रही रामलीला में डॉ. आरके महाजन मुख्य अतिधि के रूप में वध कर सनातन की रक्षा की थी। कार्यक्रम के अंत में डॉ. महाजन को रामलीला कमेटी अध्यक्ष विशन सिंह मेहरा द्वारा राम दरबार का चित्र भेंट किया गया। जोशी आसा कोरंगा, धर्मेंद्र सिंह लहरी, हरचरण सिंह,अमरीक सिंह, मंगल सिंह और के.पी. सिंह, सुरेश सिंह, उदय भाव साहब, बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# कार्तिक मास में की गयी सेवा का मिलता है अनंत फल

गदरपुर( उद संवाददाता)। सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास की कथा के 12वें दिवस की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि कार्तिक मास में भगवान के मंदिर में सेवा ( सफाई) से स्वर्ग सुख और अनंत पूर्ण फल मिलता है। धन संपत्ति के लिए पसीना बहाने वाले तो बहुतेरे मिल जाएंगे। परंतु प्रभु सेवा के लिए पसीना बहाने वाले कितने हैं? भगवान की सेवा में पसीना बहाओ, भगवान की सेवा स्वयं करो, उसी का पेट भरता है जो स्वयं भोजन करता है,जैसे दूसरों के भोजन करने से स्वयं का पेट नहीं भरता, ठीक उसी प्रकार भगवान की सेवा स्वयं करें तो स्वयं को फल मिलता है। कथा श्रवण करने हेतु काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रभात फेरी राजमणि एवं श्रीमती कलावती के निवास पर गई।प्रसाद की सेवा श्री विजय कुमार भुड्डी ( बंटी ) एवं श्रीमती सुमन भुड्डी के परिवार द्वारा दी गई।



# अंजनी का लाल रे, भक्तों का रखवाला रे..

## दीपावली के उपलक्ष्य में स्वर्ण चोला श्रृंगार, छप्पन भोग, विशाल भंडारा एवं भव्य दरबार आयोजित

दिनेशपुर( उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल के सानिध्य में श्री बालाजी मंदिर दिनेशपुर में दीपावली के उपलक्ष्य में श्री बालाजी महाराज, श्री भैरव जी एवं श्री प्रेतराज सरकार जी को स्वर्ण चोला श्रृंगार एवं छप्पन भोग किया गया। भव्य दरबार सजाया गया एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के चरणो में अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया । उसके पश्चात महंत जी ने छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे आदि भजन





सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उसके पश्चात महन्त जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने बोलो श्री राम जय राम जय जय राम, बिट्टू अरोरा ने जब कोई नहीं आता हनुमान आते है, हरिचरण सिंह ने जो प्रेम से बोलेगा बाबा के जयकारे, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने अंजनी का लाल रे भक्तों का रखवाला रे, विशाल मदान ने फरियाद मेरी बाबा सुनते ही चले आना, गोविंद ग्रोवर ने बाबा ने बुलाया है दरबार हमे जाना है, सुनील कुमार ने बड़े अरमान ले बाबा तेरे दरबार आया हूँ, दीपु सैनी ने जो भी आया तेरे द्वार, राजपाल ने दुनिया में देव हजारो है बजरंग बली का क्या कहना, वैभव गगनेजा ने रखवाला प्रतिपाला मेरा लाल लंगोट वाला, नितिन रस्तोगी ने चोला चमके बाबा का चोला चमके, कृष्ण छाबड़ा ने बाबा सबकी सुनती है सुनेंगे मेरी भी, सुरेश मित्तल ने साँस देना प्रभु इतनी तो कम से कम भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बलदेव डाबर, बिट्टू ग्रोवर, अमित आनंद, खैरात कुमार, शिव कुमार, सुनील कुमार, लवी अरोरा, हरिचरण सिंह, पवन खेड़ा, बिट्टू अरोरा, सौरभ अग्रवाल, विशाल मदान, सन्नी नारंग, हरीश कुमार, धर्मवीर चौधरी, मेघराज, अजय जायसवाल, पवन कुमार, वैभव गगनेजा, कृष्ण छाबड़ा, नितिन रस्तोगी, सुरेश मित्तल, केसर पाहवा, सुभाष गोयल, ललित गोयल, सुमित बब्बर, अंश अरोरा, भारत शर्मा, केवल पाठक, अनटू रस्तोगी, रवींद्र चौहान, मनीष गोयल एवं गौरव अग्रवाल आदि हजारो भक्त मौजूद थे।




# उत्तराखंड फिल्म शूटिंग के लिए सबसे सुंदर और बेस्ट डेस्टिनेशन





## सीएम ने फिल्म, वेब सीरीज से जुड़े निर्माता, निर्देशक एवं कलाकारों के साथ उत्तराखंड में फिल्म उद्योग की सम्भावनाओं पर की चर्चा



मंबई/देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुंबई में आयोजित रोड शो के दूसरे दिन फिल्म उद्योग से जुड़े निर्माता, निर्देशक एवं कलाकारों के साथ बैठक कर उत्तराखंड में फिल्म उद्योग की सम्भावनाओं पर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिनेमा जगत से जुड़े लोगों को आगामी 8-9 दिसंबर को देहरादून में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए भी आमंत्रित किया तथा फिल्म जगत से जुड़े कई वरिष्ठ कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में शूटिंग के लिए देश दुनिया की सबसे सुंदर और बेस्ट डेस्टिनेशन है। नैनीताल, मसूरी, औली, चकराता, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, चोपता, वैली ऑफ फ्लावर्स जैसे मनोहारी स्थान भी उत्तराखंड में उपलब्ध हैं जहाँ अच्छी कनेक्टिविटी तथा आवास की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हम फिल्म निर्माताओं,वेब सीरीज निर्माता-निर्देशकों के लिए कई योजनाएं प्रदेश में संचालित कर रही रहे हैं। इस दौरान महानिदेशक सूचना तथा उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के मुख्य कार्याधिकारी श्री बंशीधर तिवारी ने बताया कि उत्तराखंड में फिल्मों की 75 प्रतिशत शूटिंग होने पर फिल्मों को 1.5 करोड़ रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस दौरान फिल्म अभिनेता जितेन्द्र, निर्देशक विवेक अग्निहोत्री, अर्चना पूरण सिंह, हिमानी शिवपुरी, रमेश तौरानी, राज शांडिल्य, राहुल रवैल, दीपक डोबरियाल समेत फिल्म उद्योग जगत से जुड़े अनेक कलाकार, निर्माता-निर्देशक मौजूद रहे। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने मुम्बई दौरे के दौरान श्री सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान श्री गणपति के दर्शन कर पूजा अर्चना की तथा समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि एवं प्रदेश की उन्नति की प्रार्थना की।









## एमबीपीजी में एबीवीपी ने लहराया परचम



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं के सबसे ज्यादा छात्र संख्या वाले एमबीपीजी छात्र संघ चुनाव में कांटे की टक्कर के बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशी सूरज रमोला ने 17 वोटो से अध्यक्ष पद पर बाजी मार ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को 5 साल बाद कुमाऊं के सबसे ज्यादा छात्र संख्या वाले एमबीपीजी कॉलेज में अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा मिला है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे तक हुए मतदान में 37 प्रतिशत मतदान छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। इसके बाद 3 बजे से मतगणना शुरू हुई। देर रात चुनाव नतीजे आए जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सूरज रमोला को 1554 वोट पड़े तथा संजय जोशी को 1537 वोट पड़े। निर्दलीय प्रत्याशी संजय जोशी से 17 वोटो से एबीवीपी के सूरज रमोला जीत गए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर अमन सिंह बिष्ट और छात्र उपाध्यक्ष पद पर कविता बोहरा, सचिव पद पर कमल सिंह बोहरा, संयुक्त सचिव पद पर विवेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष पद पर सौरभ बिष्ट और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में गौरव कांडपाल ने बाजी मारी। सभी जीते हुए पदाधिकारी को विद्यालय प्रशासन ने चुनाव परिणाम के बाद पद और गोपनीयता की शपथ भी दिलाई।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव में नवनिर्वाचित सचिव सचिन वर्मा, उपाध्यक्षा शिवानी शर्मा व कोषाध्यक्ष अनमोल त्रिपाठी व विश्विद्यालय प्रतिनिधि अभिषेक चंद्रा का विधायक शिव अरोरा ने स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि आप छात्र हित मे कार्य करो और रुद्रपुर महाविद्यालय उधम सिंह नगर के बड़े महाविद्यालय में आता है वही हमारी धामी सरकार ने रुद्रपुर महाविद्यालय में कई कार्यो को करने का कार्य किया है, उन्होंने कहा अच्छे स्वछ छवि के छात्र नेतृत्व के लिये आगे आयेंगे तो निश्चित रूप से छात्र राजनीति में एक सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, बिट्टू शर्मा, महेन्द्री शर्मा, प्रीत ग्रोवर, अनिल कोली, सुनील यादव, दिवेश कुमार, मयंक कक्कड़, विक्की वाल्मीकि, मानस जयसवाल, मनोज मदान, रवि दिवाकर, रचित सिंह, नवीन पांडेय, राजेश जग्गा, डंम्पी चोपड़ा, जुग्गू बांगा, मानव कक्कड़, सोनू वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।

## गोल्डन एजेन्सी में लगने लगी ग्राहकों की भीड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। धनतेरस पर्व से पूर्व आवास विकास में गगन ज्योति बारात घर के पास स्थित गोल्डन एजेंसी में दीपावली पर्व पर मित्रों, संस्थान के कर्मियों या परिचितों को दीपावली उपहार देने के लिए खरीददारी करने को लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो गई है। ग्राहकों के विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने के लिए कई प्रतिष्ठित कम्पनियों की क्राकरी तथा बर्तन, किचन सेट डिनर सेट सहित विभिन्न डिजाईन के होम एप्लायंस की नई वेरायटी के प्रति खरीददारी करने को लोगों का रूझान दिखाई दे रहा है। प्रतिष्ठान स्वामी






किशोर अरोरा ने बताया कि प्रतिष्ठान में ब्राडंडेड कम्पनियों की क्राकरी एवं होम एप्लायंस सामान की काफी बढ़ी रेंज को देखकर ग्राहक बहुत उत्साहित है। जिसमें मिक्सी, कूकर, मोल्डेड चेयर, टिफिन, गैस चूल्हा, कांच एवं स्टील के बर्तन, ओवन, प्लास्टिक के गमले, टब, बाल्टी, कपड़े सुखाने का स्टेंड सहित दैनिक उपयोग की कई सामान की रेंज शामिल है। श्री अरोरा ने बताया कि पिछले करीब 51 वर्षों से उनका प्रतिष्ठान आम जनता में अपना विश्वास बनाने में निरंतर कामयाब रहा है। जिसका मुख्य कारण उच्च गुणवत्ता व उचित कीमतों में ग्राहकों को सामान विक्रय करना रहा है। श्री अरोरा ने बताया कि दीपावली उपहार देने के लिए आकर्षण पैकिंग की भी व्यवस्था की गई है। आकर्षक रंग डिजाईनों की स्टील, प्लास्टिक तथा कांच से निर्मित क्राकरी को खरीदने के लिए ग्राहकों के पास कई विकल्प मौजूद हैं। वह अपनी जरूरत के अनुरूप खारीददारी कर रहे हैं।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बमबारी से अमानवीय हालात

अतीत से लेकर अब तक के सभी युद्ध बच्चों और महिलाओं के लिए त्रासद अमानवीय हालात ही पैदा करते रहे हैं। इसमें लड़ाई दो देशों के बीच होती है, मगर इसका बेहद तकलीफदेह खमियाजा बच्चों, बूढ़ों और महिलाओं को उठाना पड़ता है। करीब एक महीने पहले हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध में इजराइल की बमबारी से व्यापक तबाही हो चुकी है। अब तक करीब दस हजार लोग मारे जा चुके हैं। सबसे त्रासद है कि इसमें जान गंवाने वाले बच्चों की संख्या चार हजार से ज्यादा हो चुकी है। ये वे बच्चे थे, जिनकी युद्ध और हिंसा के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं थी, लेकिन उन्हें भी निशाना बनाने में कोई संकोच नहीं दिखाया गया। इसमें कोई दो राय नहीं कि इजराइली सीमा में हमास का अचानक हमला और उसमें चौदह सौ लोगों की हत्या बर्बरता का एक उदाहरण है। इस मसले पर संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी जारी की कि गाजा में चल रहा युद्ध बच्चों के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है। फिर भी युद्ध विराम जैसी किसी मांग पर विचार तक करने की जरूरत नहीं समझी जा रही। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इजराइली हवाई हमलों में आम रिहाइशी इलाकों, अस्पतालों और राहत शिविरों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। ऐसी जगहों पर शरण लेने वाले बच्चों और महिलाओं का मारा जाना बताता है कि न तो अब युद्ध के लिए किसी अंतरराष्ट्रीय कानून की परवाह करने की जरूरत समझी जा रही है और न मानवीयता और उसके नैतिक तकाजों के लिए कोई जगह रह गई है। हमास ने जिस तरह आम लोगों के खिलाफ बर्बरता की, उसका बचाव नहीं किया जा सकता, लेकिन इसके बाद इजराइल ने जो रुख अख्तियार किया हुआ है, वह उसे हमास की ही श्रेणी में खड़ा कर देता है। उसके हमले में पनाहगाह बने अस्पताल और स्कूल जैसी जगहों को बख्श देने का कोई नैतिक तकाजा नहीं बचा दिखता है। हालत यह है कि संयुक्त राष्ट्र की ओर जताई गई चिंता और उसके मुताबिक इजराइल को अपनी आक्रामकता पर पुनर्विचार करने की कोई जरूरत महसूस नहीं हो रही। नतीजतन, उसके हमले के सबसे त्रासद शिकार महिलाएं और बच्चे हो रहे हैं। सवाल है कि जिन मासूमों का सामूहिक कत्लेआम किया जा रहा है, युद्ध को शुरू करने में उनकी क्या भूमिका थी? हर युद्ध के दौरान महिलाएं और बच्चे बस शांति का इंतजार कर रहे होते हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि युद्ध में शिकार केवल दोनों पक्षों के मोर्चे पर मौजूद सैनिक नहीं होते। खासकर आधुनिक युद्ध का जो तकनीकी स्वरूप हो गया है, उसमें सैनिक कम और आम लोग ज्यादा मारे जाते हैं। इस दौर में नई तकनीकों और विज्ञान के औजारों के बूते दुश्मन देश में भी चप्पे-चप्पे के बारे में जानकारी निकाल ली जाती है, उसमें चुन कर ठीक निशाने पर हमले किए जा रहे हैं। मगर इतनी बड़ी तादाद में बच्चों का मारा जाना यह बताता है कि इजराइल के लिए अब युद्ध की नैतिकता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खयाल रखना बिना महत्त्व के मसले हैं। सवाल है कि युद्ध की यह आग कितने और बच्चों की जान लेगी और उसे भविष्य में कैसे सही ठहराया जा सकेगा?

## दीपावली प्रकाश का पर्व

कार्तिक मास की अमावस्या को दीपावली का पर्व पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है स इसे रोशनी का पर्व कहना भी ठीक लगता है। जिस प्रकार रक्षा बंधन ब्राह्मणों का, दशहरा क्षत्रियों का, होली शूद्रों का त्यौहार है। उसी प्रकार दीपावली वैश्यों का त्यौहार माना जाता है। इसका अर्थ यह नहीं है



कि इन पर्वों को उपरोक्त वर्ण के व्यक्ति नहीं मनाते हैं। वरन यह पर्व सभी वर्ण के लोगों के लिए है। इस दिन लक्ष्मी जी को प्रसन्न करने के लिए पहले से घरों की सफाई करके साफ - सुथरा दोष को दूर कर लिया जाता है। कहा जाता है कि कार्तिक अमावस्या को भगवान श्री राम चन्द्र जी चौदह वर्ष का बनवास काटकर रावण को मारकर अयोध्या लौटे थे। अयोध्यावासियों ने श्री रामचन्द्रजी के लौटने की खुशी में दीप मालाएं जलाकर महोत्सव मनाया था। इस दिन उज्जैन सम्राट विक्रमादित्य का राज तिलक भी हुआ था। विक्रमी संवत का आरम्भ तभी से माना जाता है। दिवाली के दिन व्यापारी अपने बहीखाते भी बदलते हैं तथा लाभ-हानि का ब्यौरा बनाते हैं। इस त्यौहार में कुछ दोष भी हैं। दीपावली पर लोग जुआ भी खेलते हैं और अपने भाग्य को अजमाते हैं। इस जुए के कारण कई लोग बर्बाद भी हो जाते हैं। कभी-कभी पटाखों व आतिशबाजी के कारण दुर्घटना हो जाती है। हम सबको मिलकर इस दोष को दूर करने का प्रयास करना चाहिये। दीपावली यह सन्देश देती है की जब हम पृथ्वी के अंधकार को अज्ञान के अंधकार को व बुराई के अन्धकार को मिटा देंगे तभी हमारा दीपावली मनाना सार्थक होगा।

**नरेश कुमार सेठ,रूद्रपुर**


KRIBHCO

**कृषक भारती कोऑपरेटिव लि0**

**बीज उत्पादन इकाई ,रुद्रपुर ( उत्तराखण्ड )**

**गेहूँ बीज छानस ( अंडर-साइज ) की बिक्री हेतु निविदा सूचना**

कृषक भारती कोआपरेटिव लि०, रुद्रपुर की बीज उत्पादन इकाई के आजादनगर, किच्छा स्थित गोदाम में गेहूँ बीज छानस (अंडर-साइज) की कुल मात्रा 1181.59 कुंटल वर्तमान बीज विधायन सत्र के दौरान प्राप्त हुई है। गेहूँ बीज छानस की उक्त मात्रा को सील बंद निविदा प्रक्रिया के द्वारा जहाँ और जैसी स्थिति में है ,के आधार पर बिक्री किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्भार की निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाली पार्टी का जी०एस०टी० में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रक्रिया में भाग लेने वाली पार्टियाँ दिनांक-22.11.2023 समय अपराह्न 4.00 बजे से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में कृभको की अधिकारिक ई-मेल पता smokribhcoddn@yahoo.co.in पर ई-मेल के माध्यम से अनुरोध कर अथवा कृभको क्षेत्रीय अधिकारी, रुद्रपुर के कार्यालय सह-आवास पता F-159, ग्रीन पार्क, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर से निर्धारित निविदा प्रपत्र एवं निविदा में आवश्यक नियम एवं शर्तों के प्रपत्र प्राप्त कर सकती है। जिन्हें पूर्ण रूप से भरकर कृभको राज्य विपणन कार्यालय के निम्न पते पर डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर प्रपत्र दिनांक 22.11.2023 समय अपराह्न 05.30 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे निविदा के साथ धरोहर धनराशि रु.15000.00 को RTGS/NEFT/IMPS के माध्यम से निविदा प्रारूप में अंकित कृभको के बैंक खाते में हस्तांतरित करने होंगे अथवा उक्त धनराशि का डिमांड-ड्राफ्ट जो कृभको के पक्ष में देहरादून पर देय, निविदा प्रपत्रों के साथ संलग्न करना होगा। उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि व समय तक प्राप्त निविदाओं को गठित कमेटी द्वारा दिनांक 23.11.2023 समय पूर्वाह्न 12.00 बजे इच्छुक निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

दिनांक - 08.11.2023

**श्री गजेंद्र कुमार**
उप महाप्रबंधक
30, आकाशदीप कॉलोनी, चकराता रोड, देहरादून,
उत्तराखंड, पिन कोड- 248001
फोन न० 0135 -2539294
ई-मेल पता-smokribhcoddn@yahoo.co.in


# डीएवी पीजी कॉलेज में आर्यन ने बजाया जीत का डंका

## 120 महाविद्यालयों में अध्यक्ष पद पर एबीवीपी ने 56 व एनएसयूआई ने 32 पदों पर मारी बाजी,निर्दलीय प्रत्याशियों का भी रहा वर्चस्व

देहरादून। प्रदेश के 120 महाविद्यालयों में से 113 में मंगलवार को हुए छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने फिरजीत का परचम लहराया है। अभाविप ने अध्यक्ष के 57 व महासचिव के 46 पदों पर जीत दर्ज की। हालांकि प्रदेश के सबसे बड़े डीएवी कॉलेज समेत कुछ अन्य में उसका गढ़ ढहा है। मुख्य प्रतिद्वंद्वी नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने अध्यक्ष पद पर 30 व महासचिव के 37 पदों पर विजय प्राप्त की। 19 कॉलेजों में निर्दलीय उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद कब्जाया। वहीं महासचिव पद पर 21 निर्दलीय विजेता रहे। आर्यन ने अध्यक्ष के सात और महासचिव के आठ पद पर विजय प्राप्त की। पिछले वर्ष भी अभाविप ने प्रदेशभर में सबसे अधिक अध्यक्ष एवं महासचिव पदों में कब्जा जमाकर अपनी श्रेष्ठता साबित की थी। देहरादून के डीएवी पीजी कॉलेज में अभाविप के 14 वर्ष पुराने किले को ध्वस्त कर आर्यन ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। कुमाऊं में छात्रसंघ चुनावों में अभाविप आगे रही। छह जिलों में 56 कैंपस व महाविद्यालयों में अध्यक्ष पद पर 22 में अभाविप प्रत्याशी जीते तो 14 में एनएसयूआई ने बाजी मारी। आठ कॉलेजों में निर्दलीय प्रत्याशी अध्यक्ष बने हैं। कुमाऊं के सर्वाधिक छात्र संख्या वाले एमबीपीजी कॉलेज में अभाविप के सूरज रमोला ने निर्दल संजय जोशी को 17 वोटों के अंतर से हराया। प्रदेश के 113 कॉलेज में से 57 में अभाविप के अध्यक्ष, 30 पदों पर एनएसयूआई ,आर्यन ने सात कॉलेजों में अध्यक्ष पद जीते, 19 पदों पर निर्दलीय व अन्य संगठन विजेता बने। परिषद ने छात्रसंघ अध्यक्ष के 56 और महासचिव के 46 पदों समेत 327 पदों पर जीत दर्ज की है। एनएसयूआई ने अध्यक्ष पद पर 32, महासचिव पद पर 27 समेत 218 पदों पर जीत का दावा किया है। हालांकि परिषद को राज्य के बड़े महाविद्यालयों में से एक डीएवी पीजी कॉलेज में झटका लगा है। यहां अध्यक्ष पद पर आर्यन छात्र संगठन के सिद्धार्थ अग्रवाल ने एबीवीपी के यशवंत पंवार को हराकर परिषद के पिछले 14 साल से लगातार जीत के विजय रथ को रोक दिया। कुछ मामलों को छोड़ कर अन्य सभी जगह चुनाव शांतिपूर्वक रहे। राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में सुबह नौ बजे से मतदान शुरू हुआ।

## उत्तराखण्ड मूल के अप्रवासियों का डाटा बेस तैयार करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल के संचालन को जल्द आरंभ करने हेतु सचिवालय में आज सम्बन्धित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एसीएस ने उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल के सम्बन्ध में देश और दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे उत्तराखण्ड मूल के अप्रवासियों के सम्बन्ध में डाटा बेस



तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इस दिशा में देश विदेश में उत्तराखण्डी अप्रवासियों के संगठनों, एसोसिएशन एवं संस्थाओं की मदद ली जाएगी। बैठक में उत्तराखण्ड अप्रवासियों के राज्य में समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उद्यमिता, ओल्ड एज होम आदि में निवेश एवं योगदान को प्रोत्साहित करने की योजना पर भी चर्चा की गई। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल अप्रवासियों को राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, टेक्नोलॉजी सहित सभी क्षेत्रों से जोड़ने एवं निवेश के लिए प्रोत्साहित भी करेगा। उन्होंने उत्तराखण्ड अप्रवासी सेल की वेबसाइट को जल्द से जल्द आरंभ करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सचिव श्री शैलेष बगौली, अपर सचिव श्रीमती नमामि बंसल एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम धामी की माताजी और पत्नी ने परिवार संग केदारनाथ व बदरीनाथ धाम मेंकी पूजा अर्चना

गोपेश्वर/रूद्रप्रयाग। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की माता जी के साथ ही धर्मपत्नी गीता धामी, पुत्र दिवाकर धामी छोटे पुत्र धर्मेंद्र धामी बहिन सहित भानजे राहुल नेगी ने सोमवार को श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर पूजा अर्चना की। सीएम के परिवार के दौरे को देखते हुए सुरक्षा भी कड़ी रही। दोपहर बाद मुख्यमंत्री के स्वजन श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचे मंदिर कार्यालय में अल्प विश्राम के बाद श्री बद्रीनाथ



मंदिर दर्शन को पहुंचे उन्होंने वेद पाठ पूजा संपन्न करवाने के साथ ही सबके कल्याण की कामना की। वहीं रविवार को सीएम धामी की पत्नी श्रीमती गीता धामी ने माताजी एवं अपने दोनों पुत्रों के साथ श्री केदारनाथ धाम पहुंचकर पूजा अर्चना की। श्री बद्रीनाथ धाम में श्री बद्रीनाथ -केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत कर भगवान बदरी विशाल का प्रसाद भेंट किया।

## बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन कल

अल्मोड़। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष में 9 नवम्बर को रैमसे इंटर कॉलेज अल्मोड़ा में 10 बजे से एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि संपूर्ण तैयारी के साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं व्यापक प्रचार प्रसार से संबंधित सुविधाओं हेतु अपने अपने विभागों से संबंधित विभागीय योजनाओं के स्टाल लगाना सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

### मेरा पहाड़

सुरभि चंदन से शोभित उत्तराखंड।
देवों की महिमा से सरोकार उत्तराखंड।
देवों की देवस्थली उत्तराखंड।
केदारनाथ बद्रीनाथ
जैसे पावन धाम यहां पर।
चंदन का टीका पहचान यहां की।
मडुवे की रोटी शान यहां की।


-शालिनी शर्मा,रुद्रपुर

शीतल हवा से सरोकार उत्तराखंड।
देवों का मिलन यहां
देवों की देवस्थली उत्तराखंड।
चारों धाम के तीर्थ यहां पर।
सुंदर घाटी का उपवन यहां पर।
ब्रह्म कमल शान यहां की।
माथे का तिलक पहचान यहां की।
डाली डाली फूलों की घाटी है
जनमानस की शान है उत्तराखंड।
बारंबार नमन इस धारा को बारंबार
नमन इस धारा को।


ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED

**ARCHIDPLY INDUSTRIES LIMITED**

CIN: L85110UR1995PLC008627

**Regd. Office :** Plot No. 7, Sector - 9, Integrated Industrial Estates, Sidcul, Pant Nagar, Udham Singh Nagar, Rudrapur , Uttarakhand 263153

**Corporate Office:** 2/9, 1st floor, W.H.S. Kirti Nagar, New Delhi - 110015

**Ph.:** 05944-250270, 011-45642555, **Fax:** 05944-250269, **E-mail:** cs@archidply.com, Website: www.archidply.com,

**EXTRACT OF UN-AUDITED STANDALONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED SEPTEMBER 30, 2023**

(Rs. In Lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | Half Year Ended | Quarter Ended | | Half Year Ended |
| | | Un-Audited 30-Sep-23 | Un-Audited 30-Sep-22 | Un-Audited 30-Sep-23 | Un-Audited 30-Sep-23 | Un-Audited 30-Sep-22 | Un-Audited 30-Sep-23 |
| 1 | Total income from operations | 10908.65 | 10344.93 | 20955.96 | 10908.65 | 10655.32 | 20955.96 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 392.78 | 405.64 | 704.55 | 392.78 | 415.61 | 704.55 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 392.78 | 299.86 | 519.99 | 392.78 | 415.61 | 519.99 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 289.18 | 299.86 | 519.99 | 289.18 | 309.80 | 519.99 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 278.14 | 303.62 | 526.84 | 278.14 | 313.55 | 526.84 |
| 6 | Paid-up Equity Share Capital (Face Value of Re.1/- each) | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 | 1986.50 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve) | - | - | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (Face value of Re.10/- each) - (for continuing and discontinued operations) (not annualised) (amount in Rs.) | | | | | | |
| | Basic : | 1.46 | 1.51 | 2.62 | 1.46 | 1.56 | 2.62 |
| | Diluted: | 1.46 | 1.51 | 2.62 | 1.46 | 1.56 | 2.62 |

**Notes:**

1 The above Standalone & Consolidated un-audited financial results of Archidply Industries Limited ("the Company") have been reviewed by the Audit Committee and taken on record by the Board of Directors of the Company at their meeting held on November 07, 2023. Audit Report of these results as required under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, has been completed by the statutory auditors of the Company.

2 The above unaudited financial results of the company have been prepared in accordance with Indian Accounting Standards (IND AS) prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 as amended.

3 Previous year/period figures has been regrouped/reclassified, wherever necessary to conform to those current year classification.

4 The full format of the results is available on the websites of the stock exchanges (www.bseindia.com & www.nseindia.com) and on the company website (www.archidply.com).

**For and on behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Rajiv Daga**
**Managing Director**
**DIN: 01412917**

**Place : New Delhi**
**Date : November 07, 2023**

# राधिका चोपड़ा की गजल गायकी से लोग हुए मंत्रमुग्ध

देहरादून(उद संवाददाता)। विरासत आर्ट एंड हेरीटेज फेस्टिवल 2023 के 12वें दिन के कार्यक्रम की शुरूआत मास्टर शिल्पकार कार्यशाला से हुई जिसमें स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन घनश्याम जी और कल्पना शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में 3 स्कूलों, 1 कॉलेज और 1 ट्रस्ट ने भाग लिया : एसजीआरआर पब्लिक स्कूल बालावाला, दून इंटरनेशनल स्कूल, लतिका फाउंडेशन, आसरा ट्रस्ट और बीएस नेगी महिला तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान। कुल मिलाकर 110 छात्र थे जिन्होंने इस कार्यशाला में भाग लिया और एक्सपर्ट्स से मिट्टी के बर्तन बनाना, प्राकृतिक और सिंथेटिक टाई और डाई, मुखौटा बनाना, पहाड़ी कला और क्यूबिक्स सॉल्विंग करना सीखा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश सिंह आई.पी.एस आईजी, आईटीबीपी एवं रीच विरासत के महासचिव श्री आर.के.सिंह एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की पहली प्रस्तुति में बिहार के लोकप्रिय नाटक 'भिखारी ठाकुर रंगमंडल' की ओर से 'गबरघिचोर' का मंचन किया गया। इस नाटक का निर्देशन डॉ. जैनेंद्र दोस्त ने किया।



गबरघिचोर नाटक भिखारी ठाकुर का सबसे चर्चित लोक नाटक है। यह नाटक बिदेसिया का सिकुअल की तरह है। यह एक सांगितिक नाटक है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की दुसरी प्रस्तुति में पूर्बयन चटर्जी द्वारा सितार वादन प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने राग मनोरंजनी से कार्यक्रम की शुरुआत की और मध्य और द्रुत झप ताल में एक बंदियों से मंत्रमुग्ध करते रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की तीसरी प्रस्तुति में राधिका चोपडा द्वारा गजल प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने गालिब, फैज और इकबाल जैसे मशहूर शोअरा की गजलें और कलाम पेश किये। गालिब की एक खूबसूरत गजल, "रोनों से और इश्क में बेबाक हो गए।" राग नन्द में, फिर राग देस में अल्लामा इकबाल का कलाम, ''तेरे इश्क की इंतिहा चाहता हूं..''साहिर लुधियानवी का एक गाना, "तुम अपना रंज गम।" मैं राग पहाड़ी, फिर अली अहमद जलीली की गजल, "खुशी में मुझको ठुकराया।" राग मल्हार में और राग मालकौंस में एक खूबसूरत रचना और फैज अहमद फैज साहब का कलाम, "राज ए उल्फत छुपा के देख लियाक्" राधिका जी के साथ सारंगी पर मुराद अली, तबले पर अमजद खान और हारमोनियम पर नफीस अहमद ने संगत की।

# ऋषभ मेहरा ने जीता स्वर्ण पदक

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । चौथे इंडिपेंडेंस कप ताइक्वांडो में लामाचौड़ हल्द्वानी निवासी विक्रम सिंह मेहरा के पुत्र ऋषभ मेहरा ने स्वर्ण पदक व नकद पुरस्कार प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता जयपुर में पांच नवंबर को अयोजित हुई थी। ऋषभ ने यह प्रतियोगिता 78 किलो भार में खेली। इसके पूर्व ऋषभ ने अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक हासिल किए हैं।




ऋषभ अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता गायत्री मेहरा, पिता विक्रम मेहरा, कोच सुभम सक्सेना, कमलेश तिवारी को देते हैं। ऋषभ के स्वर्ण पदक जीतने पर समाजसेवी हेमंत गोनिया, इंजीनियर दिनेश सिंह, अजय गुप्ता, रुपा अधिकारी, खष्टी बिष्ट, हेमा गोनिया, नीमा क्वीरा, महेंद्र सिंह क्वीरा, अनीता नोला, सुनीता नदगली, गुंजन बोरा, सुरेंद्र नदगली, कविता बिष्ट, गीता पांडे, दीपक शर्मा, बृजेश वर्मा, अतुल बिष्ट, पूजा बिष्ट, अनिल गुप्ता, हरीश रावत, अतुल बिष्ट ने बधाइयां दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# केशव सूर्यमुखी कॉलेज में दिवाली मेले के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। महाविद्यालय केशव सूर्यमुखी कालेज ऑफ एजुकेशन शक्तिफार्म में दिवाली मेले का भव्य आयोजन मंगलवार को महाविद्यालय के सचिव ठाकुर कुँवर



शिव वर्धन सिंह के ने फीता काटकर किया । इसके बाद शक्तिफार्म एवं सितारगंज के छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस प्रतियोगिता स्टॉल प्रतियोगिता, लक्की ड्रॉ प्रतियोगिता, मेहंदी आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों एवं क्षेत्र की जनता ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। डांस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान–राजकीय इण्टर कालेज गुरुग्राम, द्वितीय स्थान केशव सूर्यमुखी कॉलेज ऑफ एजुकेशन शक्तिफार्म, तृतीय स्थान– राजकीय इण्टर कालेज शक्तिफार्म के छात्रों ने प्राप्त किये। लक्की ड्रॉ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जगदीश डालमिया, द्वितीय स्थान अंशुमन मण्डल, तृतीय स्थान ललित रौतेला ने प्राप्त किया। स्टॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान किरन ग्रुप, द्वितीय स्थान विजय ग्रुप तथा तृतीय स्थान कृष्णा ग्रुप ने प्राप्त किया। इस मौके पर महाविद्यालय सचिव कुँवर शिव वर्धन सिंह, प्रबंधक श्रीमती निधि सिंह, विशिष्ट अतिथि बालमुकंद तिवारी, इन्दू शैली, सरोज कंसल, प्राचार्य/विभागाध्यक्ष डॉ० मनोज कुमार दास,श्रीमती मीनाक्षी सिंह, सुरेन्द्र कुमार संजय कुमार, उज्ज्वल विश्वास, उत्तम दास,गौरंग मण्डल आदि उपस्थित रहे।

# स्काउट्स एवं गाइड्स का प्रतिनिधिमण्डल राज्यपाल से मिला

देहरादून(उद संवाददाता)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स



के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को राजकीय स्कार्फ तथा फ्लैग स्टीकर पहनाया। इस दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को अपनी भावी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि भारत वर्ष को आजादी के पश्चात केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहल पर 07 नवम्बर, 1950 को बालक– बालिकाओं के स्काउट/गाइड एवं विभिन्न समितियों को समाप्त करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना एक संगठन के रूप में की गई जिसे प्रतिवर्ष 07 नवम्बर को पूरा भारत फ्लैग डे अर्थात भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस के रूप में मनाता है।उन्होंने कहा कि इस वर्ष पंजीकृत सदस्यों की संख्या एक लाख से अधिक होनी चाहिए और सभी विश्वविद्यालयों में पंजीकरण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने स्काउट्स एवं गाइड्स के योगदान के लिए उनकी सराहना की।इस प्रतिनिधिमण्डल में इस वर्ष उत्तराखण्ड से राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु चयनित रोवर श्री विशाल आर्य, गाइड्स कु0 हिमानी गर्जोला, कु0 दीक्षा बिष्ट, कु0 कंचन भट्ट के साथ प्रादेशिक मुख्यालय, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तराखण्ड से सविच श्री रवीन्द्र मोहन काला, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री बी0एस0रावत एवं कु0 बिमला पन्त सम्मिलित रहे।

## पेज एक का शेष...

**बद्रीनाथ धाम पहुंची राष्ट्रपति....**अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति काफिले के साथ मंदिर पहुंची और मंदिर में बद्री विशाल की वेद पाठ एवं विशेष पूजा की। बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी एवं तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न की। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार एवं अन्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को बद्री विशाल का प्रसाद एवं अंग वस्त्र भेंट किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर परिसर में राष्ट्रपति को भोजपत्र पर बनी बद्रीनाथ मंदिर की प्रतिकृति, आरती और स्थानीय उत्पादों की टोकरी भेंट की। भू–बैकुंठ धाम की अलौकिक सुंदरता देख राष्ट्रपति अभिभूत दिखी। मंदिर से निकलते समय उन्होंने हाथ हिलाकर बद्रीनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मंदिर में पूजा दर्शन के बाद राष्ट्रपति बद्रीनाथ से श्रीनगर के लिए प्रस्थान किया। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा धाम में सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गए थे। साथ ही कन्टीजेन्सी प्लान के तहत गौचर में भी सभी व्यवस्थाएं की गई थी। राष्ट्रपति के बद्रीनाथ भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, सीडीओ एलएन मिश्र, एडीएम डॉ.अभिषेक त्रिपाठी, सयुंक्त मजिस्ट्रेट डा.दीपक सैनी, एसडीएम कुमकुम जोशी, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़, बीकेटीसी के सदस्यगण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी मौजूद थे। इससे पहले सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजभवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजभवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की और उनका देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने खास तोहफा भी दिया।

**खाई में किरने से ..**शव को ढूंढ निकाला। महिला घास काटने जंगल मे गई हुई थी और घास काटते समय संभवत: पैर फिसलने से अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से महिला की मृत्यु हो गयी। एसडीआरएफ टीम द्वारा कड़ी मशक्कत करते हुए उक्त महिला के शव को बॉडी बैग के माध्यम से मुख्य मार्ग तक पहुँचाकर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। एसडीआरएफ टीम में दुर्गेश रतूडी,प्रदीप पंवार,जसवेंद्र सिंह, संदीप मिश्रा, श्रीकांत सिंह, जीवन सिंह, सुलेमान त्यागी, अशोक कुमार शामिल थे।

**पालिका बोर्ड की ..**सभासद राजीव सक्सेना, सभासद देवेंद्र शर्मा, चंदन पांडे, कैलाश जोशी, नामित सभासद चंदन जायसवाल, पूर्व प्रधान राजकुमार कोहली, सभासद श्रीमती सूरजमुखी, जगरूप सिंह गोल्डी, सिमरनजीत कौर, सभासद संदीप अरोड़ा उर्फ सोनू, राकेश गुप्ता, सभासद तौसीफ अंसारी, अफसर कुरैशी, लियाकत अली, सभासद सलीम मलिक, दानिश मलिक, विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़,सभासद शोभित शर्मा, सभासद राजकुमार कोहली, सभासद संजीव सक्सेना सहित नगर पालिका कर्मचारी प्रमोद नेगी, अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह, आनंद नेगी, विपिन शर्मा, दर्शन कुमार, मनोज कुमार कोठारी, ताहिर मलिक, आनंद नेगी सहित सभी लोग उपस्थित थे।

# फिलिस्तीन नागरिकों के समर्थन में वाम दलों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। माले, पछास सहित वाम दलों द्वारा फिलिस्तीन में बच्चों, महिलाओं समेत हजारों नागरिकों के जारी जनसंहार पर तत्काल रोक लगाने की मांग के साथ देशव्यापी विरोध के आह्वान पर यहां बुद्ध पार्क में फिलिस्तीन की जनता के साथ एकजुटता प्रदर्शित की। वक्ताओं ने कहा कि इजराइल द्वारा फिलिस्तीन पर बमबारी करते हुए एक माह बीत चुका है और इजराइली सेना अस्पतालों, रिहायशी




इलाकों, घरों पर हमला करके हजारों नागरिकों को मार दिया है, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे और महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।उन्होंने मांग की मोदी सरकार अमेरिका–इजरायल द्वारा फिलिस्तीनियों के जनसंहार को बढ़ावा देना और इजरायल का समर्थन बंद करे अंतराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध पर तत्काल रोक लगाने की मांग करे। विरोध प्रदर्शन में माले जिला सचिव डा कैलाश पाण्डेय, ऐक्टू के केके बोरा, वरिष्ठ किसान नेता बहादुर सिंह जंगी, पछास के महेश, कमलेश मेहता, नैन सिंह कोरंगा, निर्मला शाही, सायमा सिद्दकी, कमल जोशी, रियासत अली आदि शामिल रहे।

# श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय का एमए अंग्रेजी फोर्थ सेमेस्टर का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सतविंदर कौर ने बताया कि इस विषय की सभी छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। जो महाविद्यालय के लिए एक मिसाल है। उन्होंने बताया कि कु. नेहा सिंह ने 76 प्रतिशत, नेहा सोहिया ने 74.5 प्रतिशत तथा ट्विंकल ने 72.5 प्रतिशत अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण है। डा. सतविंदर कौर ने बताया कि इसी प्रकार बीए और बीकाम का परीक्षाफल भी सर्वश्रेष्ठ रहा। बीए की छात्रा शिवांगी ने 80 प्रतिशत, संगीता मिश्रा ने 74.4 प्रतिशत तथा श्रद्धा ने 73 प्रतिशत के साथ उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार बीकॉम में संगीता ने 76 प्रतिशत, काजल शाह 65 प्रतिशत तथा आकाशा, ज्योति और गुडिया 62 प्रतिशत अंकों के साथ पास हुई। शेष सभी छात्राएं भी प्रथम व द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं।

# सड़क हादसे में महिला समेत दो लोगों की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। सड़क हादसे में मृत हुए महिला समेत दो लोगों के शवों का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। हृदय विदारक घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। ब्रेजा कार और पिंक अप की भिड़ंत होने से ये दर्दनाक हादसा हुआ। मृतक उत्तर प्रदेश के निवासी हैं। कार में चार लोग सवार थे। जानकारी के अनुसार बद्रीनाथ केदारनाथ तीर्थ यात्रा से आ रहे श्रद्धालुओं की ब्रेजा कार मंगलवार को अपराह्न बाद बाजपुर रोड पर बल्ली के ढाबे के पास एक पिकअप से भिड़ गई।इस दर्दनाक हादसे में ब्रेजा सवार राघवेंद्र चौबे पुत्र स्वर्गीय रविंद्र चौबे निवासी वसारत पुर थाना शाहपुर उत्तर प्रदेश एवम सरोज देवी पत्नी प्रेम पांडे निवासी ग्राम आमघाट थाना बरियारपुर जिला देवरिया उत्तर प्रदेश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है । जबकि प्रेम पांडे और श्याम चौबे नामक दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों को उपचार के लिए मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां एक की हालत लगातार नाजुक बताई जा रही है। उधर दूसरी ओर पुलिस ने मृतक महिला समेत दो लोगों के शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद आज उसे परिजनों के हवाले कर दिया। ब्रेजा कर सवार सभी चारों श्रद्धालु बद्रीनाथ केदारनाथ धाम के दर्शन कर वापस घर लौट रहे थे इसी दौरान मार्ग में यह गंभीर हादसा घटित हुआ।

# भदईपुरा में हुई फायरिंग के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गत पांच नवम्बर को भदईपुरा में हुई फायरिंग की घटना में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस पकड़े गये सभी आरोपियों से मामले को लेकर कड़ी पूछताछ कर रही है। साथ ही घटना मे प्रयुक्त हथियारों की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है। पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा कर सकती है। गौर तलब है कि हथियारबंद कुछ लोगों ने भदईपुरा में बाईक सवार तीन लोगों पर फायरिंग कर व लाठियों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'सरकारी' इलाज की विडंबनाएं 'लाइलाज'

**उधम सिंह नगर के शासकीय चिकित्सा तंत्र में विसंगतियों की भरमार ,जहां चिकित्सकीय उपकरण है वहां टेक्नीशियन नहीं ,जहां लैब मौजूद वहां पैथोलॉजिस्ट नहीं ,विशेषज्ञों के स्वीकृत पदों में से 76 खाली**

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड बाल्यावस्था से किशोरावस्था तक का सफर तय करने के बाद अब युवावस्था को प्राप्त कर चुका है, लेकिन राज्य निर्माण के दो दशक के बाद भी सरकारी इलाज की विडंबनाएं आज भी लाइलाज सी जान पड़ती है और सूबे में स्वास्थ्य सुविधाओं की गाड़ी किसी तरह हिचकोले खा खा कर चल रही है। राज्य के अधिकांश बड़े अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टर तो दूर, सामान्य ड्घक्टर तक उपलब्ध नहीं हैं। प्रदेश की सरकार मरीज को अस्पताल से ही दवाएं देने का दम भरती है परंतु सरकारी दवा वितरण की व्यवस्था अपने आप में एक बड़ी बीमारी का शिकार जान पड़ती है ।सरकारी डॉक्टर और दवा कंपनियों का गठन जोड़ कुछ इस कदर मजबूत है कि तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद शासकीय चिकित्सक ना तो जेनेरिक दावों दवाइयां को बढ़ावा देते हैं और ना ही चिकित्सा पर्ची पर ऐसी दवाई ही लिखते हैं, जो अस्पताल में उपलब्ध हों। सरकारी चिकित्सकों द्वारा लिखीं जाने वाली दवाई अक्सर अस्पताल में नहीं मिलती हैं परिणाम स्वरूप तीमारदारों को बाहर केमिस्ट की दुकान से महंगी और ब्रांडेड दवाएं लेनी पड़तीं हैं । उत्तराखंड के अधिकांश सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरण तकनीशियनों के अभाव में या तो धूल खा रहे हैं या ताले में बंद हैं और कहीं-कहीं तो तकनीशियन उपकरण के इंतजार में हैं। यही वजह है कि मामूली से एक्सरे और अल्ट्रासाउंड के लिए भी ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निजी चिकित्सालयों की शरण में जाना पड़ता है। सरकार के चिकित्सा तंत्र के आंकड़ों पर अगर विभागवार नजर डालें, तो स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी ही डरावनी हकीकत सामने आती हैं। बात कुमाऊं मंडल की करें तो कुमाऊं के अस्पताल में सृजित 674 पदों में से सिर्फ 301 पर ही विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध है और शेष 376 पद रिक्त हैं। इसी प्रकार उधम सिंह नगर जिले में विशेषज्ञों के 106 पद स्वीकृत हैं और केवल 30 पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध हैं और 76 पद खाली पड़े हैं। उधम सिंह नगर के जिला अस्पताल में विशेषज्ञों के 13, चिकित्साधिकारी के 6 पद, स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन, फिजिशियन, मनोरोग, चर्म रोग, एनेस्थेटिस्ट, बाल रोग, ईएनटी का एक-एक पद पैथोलॉजिस्ट के दो, फोरेसिंक का एक, माइक्रो बायोलॉजिस्ट का एक, आयुष का एक पद खाली पड़े हैं। तकरीबन यही दशा उधम सिंह नगर जिले के अन्य सरकारी अस्पतालों की भी है। एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय काशीपुर में फिजिशियन, फिजियो थैरेपिस्ट, सर्जन, निश्चेतक, फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, मेडिकल ऑफिसर 6, स्टाफ नर्स 17, फार्मासिस्ट एक, लैब टेक्नीशियन के दो पद रिक्त हैं। वही जसपुर सीएचसी के तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं हैं। जसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी दो डॉक्टरों की कमी हैं तथा दो फार्मासिस्ट, 4 वार्ड बॉय, 2 स्वीपर के पद भीतर रिक्त हैं ।इसके अलावा नानकमत्ता सीएचसी में से एक चिकित्सक जून से लंबे अवकाश पर हैं। वर्तमान में यहां केवल एक आयुर्वेदिक चिकित्सा, एक फार्मासिस्ट, दो वार्ड बॉय, दो स्वच्क्षक ही तैनात हैं। बताया जाता है कि यहां अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है और विधायक निधि से मिली एम्बुलेंस पहिए भी 2 साल से जाम है। ले-देकर एक एक्स-रे मशीन है भी तो उसे चलाने वाला कोई नहीं ।बात दिनेशपुर की करें तो दिनेशपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में केवल एक प्रभारी चिकित्साधिकारी, एक आर्युवेंद चिकित्सक, एक फार्मासिस्ट, एक अस्थायी वार्ड बॉय, एक स्वच्छ कर्मी, दो एएनएम, चार स्टाफ नर्स ही तैनात है । दिनेशपुर में के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ,




लैब टेक्नीशियन, स्थायी वार्ड बॉय, तथा अल्ट्रासाउंड मशीन नहीं एक्सरे मशीन है, टेक्नीशियन नहीं। लैब टैक्नीशियन नहीं होने के कारण लोगों को खून की जांच के लिए हल्द्वानी जाना पड़ता है इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां भी उपलब्ध नही है जहां तक गदरपुर का सवाल है तो गदरपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, ईएमओ के दो पद रिक्त पड़े हुए हैं ।यहां सर्जन एवं डर्मेलॉजिस्ट के साथ- साथ सीटी स्कैन एवं अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी नहीं है तथा चीफ और फार्मासिस्ट का एक-एक, वार्ड बॉय के दो, स्वच्छक का एक और स्टाफ नर्स के चार पद रिक्त पड़े हैं। उधर बाजपुर सीएचसी में चिकित्सकों के 23 पदों से 15 रिक्त फार्मेसिस्ट और वार्ड बॉय के दो-दो पद रिक्त ।सितारगंज सीएचसी में महिला चिकित्साधिकारी,सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट , महिला रोग विशेषज्ञ के पद खाली पड़े हैं। मजे की बात तो यह है कि यहां चिकित्साधिकारी के दो पद है पर कार्यरत तीन है। साथ ही होमियोपैथिक चिकित्साधिकारी का एक, नर्सिंग अधिकारी के दो पद खाली पड़े हुए हैं । इन तामम विसंगतियों के बावजूद सरकारी दावा तो यह है कि कोरोनाकाल के बाद सभी अस्पतालों में व्यवस्थाओं में सुधार हुआ है ।अस्पतालों के भवनों के साथ मशीन भी अपग्रेड हुई है । सभी अस्पतालों में ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट और आक्सीजन कंसनट्रेटर भी चालू अवस्था में हैं। खाली पदों के संबंध में खाली पड़े पदों के संबंध में जवाब का दावा है कि रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार से लगातार पत्राचार किया जा रहा है और डॉक्टर उपलब्ध होते ही सारे पद भर दिए जाएंगे। सरकारी दावे की हकीकत का अंदाजा तो इसी बात से लगाया जा सकता है कि समूचे कुमाऊं मंडलके जिला अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक दिल के दर्द को दूर करने के लिए केवल एक ही डॉक्टर है और वह भी नैनीताल के बीडी पांडे अस्पताल में तैनात हैं। ऐसे में दूर दराज के इलाकों में अगर किसी को हृदयघात होता है तो उसका बचना मुश्किल ही नहीं लगभग नामुमकिन होता है।

